# सितंबर में राजस्व 20 अरब बढ़ा :खन्ना

## उपलब्धि

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को बताया कि इस बार पिछले सितंबर की तुलना में 2012.73 करोड़ रुपये अधिक राजस्व मिला है। वर्ष 2020-21 में मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में सितम्बर में कुल 11538.16 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। पिछले वर्ष 2020-21 के सितम्बर में 9525.43 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था।

खन्ना मंगलवार को पत्रकारों के सामने वित्तीय स्थिति का ब्योरा रख रहे थे। उन्होंने बताया कि जीएसटी के तहत सितम्बर 2021 में 4290.92 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि पिछले वर्ष सितम्बर में 3680.20 करोड़ रुपये मिले थे। वैट में सितम्बर 2021 में 2200.40 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्ति हुई। यह पिछले वर्ष 1653.88 करोड़ रुपये थी।

वित्त मंत्री ने बताया कि आबकारी में सितम्बर में 2559.85 करोड़ राजस्व मिला है। पिछले वर्ष सितम्बर में 2140.61 करोड़ रुपये मिले थे। स्टाम्प तथा निबन्धन के तहत सितम्बर 2021 की राजस्व प्राप्ति 1801.30 करोड़ रही है। पिछले सितम्बर में 1429.00 करोड़ रुपये मिले थे। परिवहन में सितम्बर की राजस्व प्राप्ति 520.12 करोड़ है जबकि पिछले वर्ष सितम्बर में 439.41 करोड़ मिले थे।



**42** अरब रुपये का राजस्व जीएसटी के तहत सितंबर में प्राप्त हुआ

**25** अरब रुपये का राजस्व आबकारी में सितंबर माह में सरकारी खजाने में आया